Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-198 सागवाड़ा, शनिवार, 26 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## सेल्फोस खाकर खुदकुशी, मरने से पहले भाई को फोन कर बोला – भूपेश और पूर्णिमा से तंग आ गया हूं, सेल्फोस की गोली खा ली है

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा थाना क्षेत्र के सरोदा गांव में एक व्यक्ति ने सल्फॉस की गोलियां खाकर खुदकुशी कर ली है। घटना की लेकर परिजनों ने गांव के एक पति पत्नी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया की निखिल व्यास निवासी सरोदा की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया गया है। निखिल ने बताया की उसके भाई हिमांशु व्यास (48) ने शुक्रवार देर रात फोन किया कि सरोदा निवासी भूपेश भट्ट और पूर्णिमा डरा धमका रहे है। बार–बार 4 लाख रुपए की डिमांड करने और नहीं देने पर बदनाम करने की धमकियां दे रहे है। इससे वह तंग, परेशान हो गया है। इस वजह से उसने गेहूं में रखने वाली सल्फॉस की गोली खा ली है। मैं गांव के तालाब के पास हूं मुजे बहुत तकलीफ हो रही है मुझे हॉस्पिटल ले जाओ। इस पर निखिल, उसके दोस्त भारतेंदु व्यास, यशवंत भावसार और उमेश उपाध्याय तालाब पर गए, जहां उसने सभी को यही बात बताई। निखिल ने बताया की उसका भाई हिमांशु जहर खाने से तड़प रहा था। उसे



सागवाड़ा के प्राइवेट हॉस्पिटल में लेकर गए। ईलाज के दौरान हिमांशु की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर सागवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

शव को सागवाड़ा के सरकारी हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। भाई निखिल की रिपोर्ट पर सागवाड़ा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।मृतक के दो लड़के है। एक 11वीं और दूसरा 9वीं कक्षा में पढ़ता है।

### पत्नी चलाती थी महिला समूह, 4 लाख के लेनदेन को लेकर परेशान करते थे

हिमांशु की पत्नी भावना व्यास महिला समूह चलाती थी। समूह के हिसाब किताब को लेकर भूपेश भट्ट और उसकी पत्नी पूर्णिमा उसे ब्लैक मेल व परेशान करते थे। दोनों लोग गैर वाजिब तरीके से 4 लाख रुपए की डिमांड कर रहे थे। रुपए नहीं देने पर बदनाम करने की धमकियां दे रहे थे। इस वजह से हिमांशु ने तंग परेशान होकर खुदकुशी कर ली। थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया की मामले में जांच की जा रही है।

## बाटाडू में नवीन उप तहसील खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बाड़मेर जिले के बाटाडू में नई उप तहसील कार्यालय खोले जाने के लिए अधिसूचना जारी करने एवं पटवार मण्डल की न्यूनतम संख्या के प्रावधान में शिथिलता के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके साथ ही उन्होंने बाटाडू उप तहसील के लिए पटवार मण्डल एवं भू–अभिलेख निरीक्षक वृत्तों के सृजन और पुनर्गठन की भी स्वीकृति प्रदान की है।

नई उप तहसील कार्यालय के खुलने से स्थानीय लोगों को राजस्व सम्बन्धी कार्यों में आसानी होगी। प्रस्ताव के अनुसार, नव सृजित उप तहसील बाटाडू में 8 पटवार मण्डल, 2 भू–अभिलेख निरीक्षक वृत्त तथा 60 राजस्व ग्राम शामिल होंगे।

## मृतक राशन डीलर के आश्रितों को अनुकम्पात्मक डीलरशिप के प्रावधानों में सरलीकरण को दी मंजूरी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राशन डीलर के आश्रितों को अनुकम्पात्मक डीलरशिप देने के प्रावधानों में सरलीकरण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

गहलोत की इस मंजूरी के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से जल्द ही इस संबंध में नया परिपत्र जारी किया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार, अब मृतक राशन डीलर की पौत्र, पौत्री एवं पुत्रवधु भी अनुकम्पात्मक डीलरशिप के लिए पात्र होंगे। साथ ही दुकान आवंटन के लिए मृतक की विधवा सहित अन्य वारिसों की अधिकतम आयु सीमा अब 45 वर्ष के स्थान पर 55 वर्ष होगी।

गहलोत के इस संवेदनशील निर्णय से मृतक आश्रित परिवारों को सम्बल मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वित्त एवं विनियोग विधेयक 2021–22 पर चर्चा के दौरान मृतक राशन डीलर के आश्रितों को अनुकम्पात्मक डीलरशिप दिए जाने के नियमों में सरलीकरण करने की घोषणा की थी।

गहलोत ने गुड गवर्नेंस की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए नया वित्तीय वर्ष प्रारम्भ होने से पूर्व ही वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा में की गई घोषणाओं को मूर्त रूप दिए जाने की शुरूआत कर दी है।

**8 प्रकरणों में शिथिलता के प्रस्ताव को स्वीकृति:**– मुख्यमंत्री ने मृतक राशन डीलर के आश्रितों को अनुकम्पात्मक डीलरशिप देने के लिए 8 प्रकरणों में शिथिलता प्रदान करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

इनमें आयु एवं शैक्षणिक योग्यता में छूट तथा आवेदन में विलम्ब से संबंधित प्रकरण शामिल हैं। गहलोत ने इन प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ निर्णय करते हुए आश्रित परिवारों को राहत प्रदान की है।

## आयुर्वेद औषधालय झोसावा में ब्लॉक स्तरीय निदान शिविर में 53 मरीज लाभान्वित



**डूंगरपुर।** उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग जिला डूंगरपुर के उपनिदेशक डॉ प्रदीप कुमार उपाध्याय के निर्देशन में 26 मार्च को राजकीय आयुर्वेद औषधालय झोसावा में ब्लॉक (गलियाकोट) स्तरीय नियमित जांच एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि सरपंच राधा देवी डामोर एवं पंचायत सदस्य संजय डामोर का माल्यार्पण कर स्वागत किया। गलियाकोट ब्लॉक अधिकारी डॉ लाल शंकर पाटीदार के सान्निध्य में राजकीय आयुर्वेद औषधालय झोसावा के आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ भूमिका डामोर ने संधिवात, रक्ताल्पता, श्वेतप्रदर, श्वास, कास जैसे विविध रोग में चिकित्सा परामर्श कर आयुर्वेद औषधियों से 53 रोगी मरीजों को लाभान्वित किया । शिविर में आयुर्वेद कंपाउंडर रमण व परिचारक धुलेश्वर परमार ने सेवाएं दी।

यह जानकारी डॉ. अभयसिंह मालीवाड ने दी।

## जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम सम्पन्न



**डूंगरपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय , भारत सरकार के नेहरु युवा केंद्र डूंगरपुर द्वारा जिला स्तरीय पडौस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन राज माता विजयाराजे सिंधिया ओड़ीटोरियन में किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री शंकर यादव ने कहां कि युवा होना अपने आप में एक गौरव कि बात है। पूर्व सांसद ताराचन्द भगोरा ने युवाओं को आह्वान किया की वागड़ में युवा प्रतिभा आगे बढ़ रही है होसला और मेहनत से ही युवा आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि तुमने युवा काल में अपना सही आधार तैयार कर लिया तो जीवन में हमेशा प्रगति पथ पर चलते रहोगे। कार्यक्रम को नगर परिषद अध्यक्ष अमृत कलासुआ ने भी संबोधित किया। पूर्व सभापति के के गुप्ता ने बताया की डूंगरपुर का युवा अब अलग अलग क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहा है ।

इसलिए आवश्यकता है कि युवाओं को इस प्रकार के मंच मिलते रहें और उनमें उत्साह बना रहे ।

विशिष्ट अतिथि राजीव चैबीसाथे। सुखदेव यादव ने बताया नेहरु युवा केंद्र मंच प्रदान करता है। सभी युवा गतिविधियों से जुड़कर लाभ ले। युवा संसद के अवसर पर युवाओं ने देश भक्ति एवं संविधान के बारे में चर्चा कि युवा संसद में नुकुल नाई, रोमिल पाटीदार, चिराग जोशी, फाल्गुनी,विश्वास उपाध्याय, भारती पाटीदार ने युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की । राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में 10 मार्च को राजस्थान का प्रतिनिधितव करने और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सिद्धार्थ जोशी ने अपना वक्तव्य दिया और भारत की संसद में पहुंचकर जीतने के अनुभव साझा किये और बताया की कैसे उनका दृष्टिकोण अब विस्तृत हुआ।

केंद्र के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संचालन सुरेश सरगम तथा आभार प्रदर्शन धीरज जोशी ने किया ।

## दो कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिए टोकन राशि पर भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सीकर एवं जालौर जिले में दो कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना के लिए भूमि आवंटन के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। प्रस्ताव के अनुसार, कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को सीकर के ग्राम अरनिया में 20 हैक्टेयर तथा कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को जालौर जिले के ग्राम बामनवाड़ा में 16 हैक्टेयर भूमि कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना के लिए 10–10 हजार रूपए प्रतिवर्ष की टोकन राशि पर आवंटित की जाएगी। गहलोत की इस मंजूरी से संबंधित क्षेत्र के किसानों को उत्पादन में वृद्धि के लिए कृषि की नई तकनीकों एवं नवाचारों का लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड को उच्च माध्यमिक विद्यालय के निर्माण के लिए पचपदरा तहसील के ग्राम सांभरा में 25 बीघा भूमि निशुल्क आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। गहलोत की इस मंजूरी से रिफाइनरी क्षेत्र में कार्य करने वाले कार्मिकों एवं क्षेत्रीय लोगों के बच्चों को अध्ययन की सुविधा मिल सकेगी।

## भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया

**सागवाड़ा।** स्थानीय आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में शनिवार को जैन समाज सागवाड़ा की ओर से मूलनायक एवम वर्तमान चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव श्रद्धा व उंमग के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सुबह भगवान का विविध द्रव्य पूरित कलशों से महाभिषेक कर शान्तिधारा की गयी तथा अर्घ समर्पित किये गये इस अवसर पर सेठ महेश नोगामिया, ट्रस्टी राजमल शाह,मन्दिर कमेटी



अध्यक्ष नटवर लाल गलालिया, पवन गोवाडिया, अश्विन बोबड़ा, अनन्त वेडा,नरेश दोसी, विशाल, निशान्त गोवाडिया, लोकेश, निलेश मुन्शी एवं त्रयम्बक लाल सेवक उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके आश्रितों की सम्मान पेंशन राशि दोगुनी करने के प्रस्ताव को मंजूरी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके आश्रितों को देय सम्मान पेंशन राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रूपए प्रतिमाह किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021–22 के राज्य बजट में स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके आश्रितों की सम्मान पेंशन राशि को बढ़ाकर दोगुना किए जाने की घोषणा की थी। गहलोत की इस मंजूरी से स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके आश्रितों को 1 अप्रैल, 2021 से बढ़ी हुई पेंशन राशि प्राप्त हो सकेगी।

## विषाक्त पदार्थ का सेवन कर मजदूर ने की खुदकुशी

**डूंगरपुर।** उदयपुर जिले के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र के कटेवड़ी गांव में एक मजदुर ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मजदूर ने अपने खाने में विषाक्त पदार्थ मिलाया था। इधर आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कटेवड़ी खेरवाड़ा निवासी पुष्पेंद्र डामोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में पुष्पेन्द्र डामोर ने बताया की उसके पिता 40 वर्षीय लक्ष्मण डामोर मजदूरी का काम करते है। शुक्रवार को खेरवाड़ा काम से गए थे। शाम के समय वापस लोटे और परिवार के साथ बैठकर खाना खाया। पत्नी नाती देवी, बेटा पुष्पेंद्र, हितेश सभी ने मिलकर खाना खाया। खाना खाने के बाद पुष्पेंद्र घर से बाहर चला गया। पुष्पेंद्र ने बताया की कुछ देर बाद हो छोटे भाई हितेश का फोन आया की उसके पिता को उल्टियां हो रही है। इस पर वह दौड़कर वापस घर आया। पत्नी नाती ने उल्टी गिरे कपड़ो को साफ करने लगी तो जेब से गेंहू में डालने की गोलियों की खाली पुड़िया मिली। इस पर पत्नी और बच्चे पिता के जहर खाने का पता लगा।

जिसके बाद परिवार के लोग उसे खेरवाड़ा हॉस्पिटल लेकर आए। हालत खराब होने के चलते उसे गंभीर हालत में डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया । जिस पर परिजन उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। डूंगरपुर जिला अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर खेरवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया।

वही शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## 6 दिन में 3.44 रुपए बढ़े पेट्रोल के दाम

**जयपुर।** पांच राज्यों में चुनाव खत्म होने के साथ ही एक बार फिर महंगाई का दौर शुरू हो गया है। 6 दिनों में शनिवार को चौथी बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया गया। इसके बाद जयपुर में पेट्रोल प्रति लीटर की कीमत 87 पैसे बढ़कर 110 रुपए 56 पैसे पहुंच गई। जबकि डीजल प्रति लीटर की कीमत 80 पैसे बढ़कर 93 रुपए 97 पैसे प्रति लीटर पर पहुंच गई है। इससे पहले सोमवार को पेट्रोल 87 और डीजल 88 पैसे, मंगलवार को पेट्रोल 82 और डीजल 65 पैसे और गुरुवार को पेट्रोल 88 और डीजल 82 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था। ऐसे में लगातार तेल के दामों में हुए इजाफे ने आम आदमी के लिए परेशानी बढ़ा दी है। बीते 3 सालों में जहां एक ओर प्रति व्यक्ति सालाना आय 1.26 लाख रुपए से घटकर 99,155 रुपए सालाना पर आ गई है।

वहीं, सरकार की एक्साइज ड्यूटी से कमाई 2,10,282 करोड़ रुपए से बढ़कर 3,71,908 करोड़ पर पहुंच गई है। ऐसे में बीते 3 साल में केंद्र सरकार ने सिर्फ पेट्रोल–डीजल पर टैक्स (एक्साइज ड्यूटी) लगाकर सरकार ने 8 लाख करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। वहीं, राज्य सरकार भी पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर तक वसूलने में पीछे नहीं है। राजस्थान में भी सरकार ने बीते कुछ सालों में पेट्रोल–डीजल पर टैक्स वसूल जमकर राजस्व जुटाया है।

## चौरासी भाजपा का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**सीमलवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौरासी अन्तर्गत 6 मंडलों का सामूहिक होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। पीठ सलारेश्वर महादेव मंदिर परिसर मैं आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, अध्यक्षता सीमलवाड़ा प्रधान कारी लाल लाल ननोमा, विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कांतिलाल अहारी सहित के सानिध्य में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ । समारोह में प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस की करनी और कथनी में दिन रात का अंतर है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र पहले है, जिसके बाद जनता फिर पार्टी फिर व्यक्ति लेकिन कांग्रेस में उलट हो रहा है जहां पर व्यक्ति




सर्वोपरि है, जिसके बाद पार्टी फिर जनता ओर बचे तो राष्ट्र। उन्होंने कहा कि चौरासी विधानसभा क्षेत्र 10 साल विकास से पिछड़ गया है, जिसका आम जनता को नुकसान हुआ है। साढ़े 3 साल में कुछ विकास कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में 3 आईटीआई केंद्र बनवाए गए लेकिन अभी तक वह शुरू में हो पाए हैं।

भवन खंडहर होते जा रहे हैं, बेरोजगार युवाओं को रोजगार समारोह में सभी वक्ताओं ने कहा कि देश में भाजपा का परचम लहरा रहा है ऐसे में हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि पार्टी के प्रति निष्ठावान बने रहे और आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में नई सोच के साथ भाजपा सरकार बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। समारोह के दौरान ढोल के साथ गैर नृत्य भी खेला गया। महाप्रसादी का भी आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा जिला महामंत्री नानुराम परमार , युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती, उप प्रधान सीता देवी, मंडल अध्यक्ष गोवर्धन पाटीदार , गोविंद राम पाटीदार, भंवर लाल कटारा, गोविंद राम अहारी, बाबूलाल लबाना, यशवंत सिंह, पूर्व जिला महामंत्री दीनदयाल सिंह चौहान, गटू सिंह डामोर, भंवरलाल कलासुआ, राजेश पाटीदार, सोशल मीडिया संभाग सह प्रभारी कीर्ति पंड्या, सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल डामोर, सरपंच विजय पाल डोडियार, रमेश भगोरा, मणिलाल डामोर, दिनेश पंड्या, देवेन्द्र सिंह सोलंकी, देवीसिंह लबाना, करण लबाना, ईश्वर लाल लबाना, देवेन्द्र दर्जी, जयेश वसीटा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री नानुराम परमार ने किया।